फा. सं. 05/06/2024 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 30 मई, 2025

**कार्यालय आदेश**

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के निम्नलिखित सहायक निदेशक को रिक्ति वर्ष 2025 में उप निदेशक के रिक्त पदों (सातवें वेतन आयोग के अनुसार संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल – 11, रू. 67,700 – 2,08,700/- ) में **नियमित आधार** पर पदोन्नति देते हुए उनके वर्तमान कार्यालय से उनके नाम के सामने दर्शाए गए मंत्रालय/ विभाग/कार्यालय में तैनाती दी जाती है:-

| क्र.सं. | श्री/श्रीमती/कु. | वर्तमान तैनाती | पदोन्नति पर तैनाती |
|---|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र कुमार | आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय | जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय |

2. **उप निदेशक के पद पर यह नियमित पदोन्नति दिनांक 02.06.2025 से अथवा दिनांक 02.06.2025 के पश्चात उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।** संबंधित मंत्रालय/विभाग से अनुरोध है कि वे इन अधिकारी द्वारा कार्यभार ग्रहण किए जाने के आदेश की प्रति इस विभाग को भी पृष्ठांकित करें। यह भी अनुरोध है कि इनकी सेवापंजी/एलपीसी इत्यादि दस्तावेज सीधे उनकी तैनाती के मंत्रालय/विभाग/ कार्यालय में भिजवा दें।

3. पदोन्नति का आदेश जारी करने से पूर्व संबंधित मंत्रालय/ विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि अधिकारी सतर्कता की दृष्टि से मुक्त (Clear from vigilance angle) हैं।

4. यह आदेश माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 26 सितम्बर, 2018 के निर्णय सं. एस. एल. पी. (सिविल) सं. 30621/2011 के अध्याधीन है।

30/5/2025

**(राजेश कुमार)**
**सहायक निदेशक (सेवा)**

**सेवा में**,

1. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), संबंधित मंत्रालय/ विभाग/ कार्यालय तथा संबंधित अधिकारी को राजभाषा विभाग की वेबसाइट के माध्यम से।
2. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, एनआईसी। कृपया कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।
3. गार्ड फाईल।

------